# Plantation Drive organised at CUH

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 05-08-2024**

# सामूहिक प्रयासों से होगा पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान : कुलपति

**संवाद न्यूज एजेंसी**

## विश्वविद्यालय परिसर में चलाया गया पौधे लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान

**महेंद्रगढ़।** पर्यावरण संरक्षण किसी व्यक्ति विशेष या सरकार की जिम्मेदारी न होकर पर्यावरण में रहकर अपना जीवन यापन करने वाले सभी मनुष्यों की है।

पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, हमें सतत प्रयास करने चाहिए। वर्तमान में जिस प्रकार पर्यावरण से संबंधित चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं, ऐसे में हम सभी का पर्यावरण के प्रति जागरूक होना आवश्यक है।

इसके लिए गैर सरकारी संस्थानों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, सामाजिक संगठनों को भी अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर जनसाधारण को पर्यावरणीय समस्याओं से अवगत करवा कर उनके समाधान के उपाय बताने होंगे। तभी हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य कामना कर सकते हैं। यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय के औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के द्वारा आयोजित पौधे लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान में पौधरोपण करने के बाद व्यक्त किए। इसमें सभी को पौधे लगाने को जागरूक किया गया।

इस दौरान ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड धारूहेड़ा के एचआर हेड अनिल चौहान, विद्यानंद, डॉ. अनूप यादव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. प्रदीप चौहान मौज रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 05-08-2024**

## सामूहिक प्रयासों से ही होगा पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान



**महेंद्रगढ़** | पर्यावरण संरक्षण किसी व्यक्ति विशेष या सरकार की जिम्मेदारी न होकर पर्यावरण में रहकर अपना जीवन यापन करने वाले सभी मनुष्यों की है। पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है तथा इसके लिए हमें सतत प्रयास करने चाहिए। वर्तमान में जिस प्रकार पर्यावरण से संबंधित चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं, ऐसे में हम सभी का पर्यावरण के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए गैर सरकारी संस्थानों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, सामाजिक संगठनों को भी जनसाधारण को पर्यावरणीय समस्याओं से अवगत करवा कर उनके समाधान के उपाय बताने होंगे, तभी हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य कामना कर सकते हैं। यह विचार हकेंवि के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय के औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित 'पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ' अभियान में पौधरोपण करने के बाद व्यक्त किए।

विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ लाइफ लॉन्ग लर्निंग के डीन प्रोफेसर पवन कुमार मौर्य ने कहा कि ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड कंपनी द्वारा विश्वविद्यालय के औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के प्रयासों से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे विश्वविद्यालय परिसर में लगाए गए। इस अवसर पर हरीश कुमार, अनिल चौहान, विद्यानंद, डॉ. अनूप यादव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. प्रदीप चौहान अन्य उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 05-08-2024**

# सामूहिक प्रयास से होगा पर्यावरण संबंधित समस्याओं का निदान

**संवाद सहयोगी, जागरण. महेंद्रगढ़ :** पर्यावरण संरक्षण किसी व्यक्ति विशेष या सरकार की जिम्मेदारी न होकर पर्यावरण में रहकर अपना जीवन यापन करने वाले सभी मनुष्यों की है। पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है तथा इसके लिए हमें सतत प्रयास करने चाहिए। वर्तमान में जिस प्रकार पर्यावरण से संबंधित चुनौतियां बढ़ती जा रही है, ऐसे में हम सभी का पर्यावरण के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए गैर सरकारी संस्थानों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, सामाजिक संगठनों को भी अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर जनसाधारण को पर्यावरणीय समस्याओं से अवगत करवा कर उनके समाधान के उपाय बताने होंगे, तभी हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य कामना कर सकते हैं। यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय के औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के द्वारा आयोजित 'पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ' अभियान में पौधारोपण करने के बाद व्यक्त किए।



विश्वविद्यालय में 'पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● सौ. विश्वविद्यालय

इस अवसर पर विश्वविद्यालय में स्कूल आफ लाइफ लोंग लर्निंग के डीन प्रोफेसर पवन कुमार मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति महादेय के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहतरीन प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस कड़ी में ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड कंपनी द्वारा विश्वविद्यालय के औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के प्रयासों से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे विश्वविद्यालय परिसर में लगाए गए। इस अवसर पर हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, रेवाड़ी डिवीजन के क्षेत्रीय अधिकारी हरीश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रयास वर्तमान में बढ़ रहे प्रदूषण की समस्या को हल करने में सार्थक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड धारूहेड़ा के एचआर हेड अनिल चौहान, विद्यानंद, डा. अनूप यादव, डा. सुनील कुमार, डा. प्रदीप चौहान सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 02-08-2024**

# पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी : प्रो. टंकेश्वर

नारनौल, 4 अगस्त (निस)

पर्यावरण संरक्षण किसी व्यक्ति विशेष या सरकार की जिम्मेदारी न होकर पर्यावरण में रहकर अपना जीवन यापन करने वाले सभी मनुष्यों की है। पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है तथा इसके लिए हमें सतत प्रयास करने चाहिए। वर्तमान में जिस प्रकार पर्यावरण से संबंधित चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं, ऐसे में हम सभी का पर्यावरण के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। इसके लिए गैर सरकारी संस्थानों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, सामाजिक संगठनों को भी अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर जनसाधारण को पर्यावरणीय समस्याओं से अवगत करवा कर उनके समाधान के



महेंद्रगढ़ के हकेंवि में पौधारोपण करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। -निस

उपाय बताने होंगे, तभी हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य कामना कर सकते हैं। यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय के औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के द्वारा आयोजित 'पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ' अभियान में पौधारोपण करने के बाद व्यक्त किए।

इस मौके पर विश्वविद्यालय में स्कूल आफ लाइफ लोंग लर्निंग के डीन प्रो. पवन कुमार मौर्य ने कहा कि कुलपति के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहतरीन प्रयास कर रहा है।

इस मौके पर हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, रेवाड़ी डिवीजन के क्षेत्रीय अधिकारी हरीश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रयास वर्तमान में बढ़ रहे प्रदूषण की समस्या को हल करने में सार्थक सिद्ध होंगे। इस मौके पर ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड धारूहेड़ा के एचआर हेड अनिल चौहान, विद्यानंद, डॉ. अनूप यादव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. प्रदीप चौहान, विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी उपस्थित रहे।

दैनिक ट्रिब्यून
Mon, 05 August 2024
https://epaper.dainiktribuneonline.com/c/75585292

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 05-08-2024**

## विश्वविद्यालय में पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान का आयोजन

# सामूहिक प्रयासों से होगा पर्यावरणीय समस्याओं का समाधानः प्रो. टंकेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

पर्यावरण संरक्षण किसी व्यक्ति विशेष या सरकार की जिम्मेदारी न होकर पर्यावरण में रहकर अपना जीवन यापन करने वाले सभी मनुष्यों की है। पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है तथा इसके लिए हमें सतत प्रयास करने चाहिए। वर्तमान में जिस प्रकार पर्यावरण से संबंधित चुनौतियां बढ़ती जा रही है, ऐसे में हम सभी का पर्यावरण के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए गैर सरकारी संस्थानों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, सामाजिक संगठनों को भी अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर जनसाधारण को पर्यावरणीय समस्याओं से अवगत करवाकर उनके समाधान के उपाय बताने होंगे, तभी हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य कामना कर सकते हैं। यह विचार हरियाणा केंद्रीय विवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय के औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के द्वारा आयोजित पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान में पौधारोपण करने के बाद व्यक्त किए। विश्वविद्यालय में स्कूल आफ लाइफ लोंग लर्निंग के डीन प्रो. पवन कुमार मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहतरीन प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस कड़ी में ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड कंपनी द्वारा विश्वविद्यालय के औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के प्रयासों से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे विश्वविद्यालय परिसर में लगाए गए। हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रेवाड़ी डिवीजन के क्षेत्रीय अधिकारी हरीश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रयास वर्तमान में बढ़ रहे प्रदूषण की समस्या को हल करने में सार्थक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड धारूहेड़ा के एचआर हेड अनिल चौहान, विद्यानंद, डॉ. अनूप यादव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. प्रदीप चौहान सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**महेंद्रगढ़।** अभियान के अंतर्गत पौधरोपण करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।



**नारनौल।** पीजी कॉलेज में पौधरोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पीजी कॉलेज में किया पौधरोपण

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय परिसर में हरित वसुंधरा आधार समिति के सौजन्य व यूथ रेडक्रॉस, एनसीसी, एनएसएस यूनिट्स के सानिध्य में डा. पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर प्रावार्या डा. पूर्ण प्रभा ने बताया कि हरित वसुंधरा आधार समिति पर्यावरण को लेकर मां वसुंधरा की सेवा में समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर्यावरण को लेकर समय समय पर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। पीएम मोदी ने एक पौधा मां के नाम लगाने का आह्वान देश की जनता से किया है। हरित वसुंधरा आधार समिति अभी तक लगभग 6300 पौधे लगाकर उनका संरक्षण कर रही है। साथ ही साथ 6000 के करीब इको फ्रेंडली बैग्स भी मुफ्त वितरित कर चुकी है। पर्यावरण क्लब के नोडल अधिकारी डा. चंद्र मोहन ने बताया कि महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाजसेवी अजीत जैन सर्राफ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जिन्होंने पौधों के ट्री गार्ड हेतु 11 हजार रुपये दान में दिए। इस मौके पर उपप्राचार्य डा. जगजीत सिंह मोर, डा. नरेश यादव, महाविद्यालय कुलसचिव डा. सत्यपाल सुलोदिया, एनसीसी अधिकारी डा. मीना आदि मौजूद थे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 05-08-2024**

## पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान चलाया

### सामूहिक प्रयासों से होगा पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान- प्रो. टंकेश्वर



*हकेवि महेंद्रगढ़ में 'पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

नारनौल, 4अगस्त (विजय कौशिक)। पर्यावरण संरक्षण किसी व्यक्ति विशेष या सरकार की जिम्मेदारी न होकर पर्यावरण में रहकर अपना जीवन यापन करने वाले सभी मनुष्यों की है।

पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है तथा इसके लिए हमें सतत प्रयास करने चाहिए। वर्तमान में जिस प्रकार पर्यावरण से संबंधित चुनौतियां बढ़ती जा रही है, ऐसे में हम सभी का पर्यावरण के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है।

गैर सरकारी संस्थानों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, सामाजिक संगठनों को भी अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर जनसाधारण को पर्यावरणीय समस्याओं से अवगत करवा कर उनके समाधान के उपाय बताने होंगे, तभी हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य कामना कर सकते हैं। यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय , महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय के औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के द्वारा आयोजित 'पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ' अभियान में पौधारोपण करने के बाद व्यक्त किए। विश्वविद्यालय में स्कूल आफ लाइफ लोंग लर्निंग के डीन प्रोफेसर पवन कुमार मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति महादेय के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहतरीन प्रयास कर रहा है।इस कड़ी में ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड कंपनी द्वारा विश्वविद्यालय के औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के प्रयासों से वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

नवोदय टाइम्स
Mon, 05 August 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/75584409